



## एक नजर में

### नितिष लुणिया बने निमाड़ संभाग के उपाध्यक्ष, पत्रकारों में उत्साह



**कसरावद, निप्र ।** मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ द्वारा जारी आदेशानुसार नगर के वरिष्ठ पत्रकार नितिष लुणिया को निमाड़ संभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है,यह नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर,प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान एवं निमाड़ संभाग अध्यक्ष विजय मोरे की सहमति से की गई है। आदेश में उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा और पत्रकार हितों के प्रति समर्पण को प्रमुख आधार बताया गया है,नियुक्ति की सूचना मिलते ही कसरावद तहसील क्षेत्र के पत्रकारों में हर्ष का माहौल बन गया ।साथ ही जिले के पत्रकार साथियों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### भगोरिया पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया



**अंदड, निप्र ।** स्थानीय ग्राम में भगोरिया पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया, समीप के गांवचौडी, के पटेलपुरा, कु डिया पूरा,डूड वा फल या के आदिवासी मंडल की थाप पर नाचते गाते देखे गए उनके साथ वह दिनेश पटेल जगदीश बाबा, राधेश्याम डाबर पूर्व सरपंच, जगदीश पवार सरपंच प्रतिनिधि, आदिवासी समाज के अध्यक्ष शोभाराम पटेल, रतन पटेल छी तू भाई, धन सिंह पटेल, सहित कई ग्रामीण और महिला नृत्य करते देखे गए, बाजार में हा र कंकण चने,दा लिए,फल फ्रूट सब्जियां व अन्य सामानों की सौ से अधिक दुकाने लगी थी , ग्रामीण जन नाच ते गा ते सड़क पर आ रहे थे तभी पुलिस चौकी अहीर खेड़ा के प्रभारी भोजराज परमार दलबल के साथ पहुंचे और उन्हें सड़क से हटाया, कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा।

### मां चामुण्डा माता गरबा मंडल समिति ने मनाया फाग उत्सव



**खरगोन, निप्र ।** जिले के मंडलेश्वर स्थित श्रीनगर कॉलोनी में मां चामुण्डा माता गरबा मंडल समिति ने मंदिर परिसर में फाग उत्सव मनाया। श्रीकृष्ण राधाजी एवं भोलेनाथ पार्वती संग फूल-गुलाल की होली खेली गई। श्रीकृष्ण दक्षता रोकड़े व गरीमा वर्मा राधा जी बनी बालिकाओं ने अनेक फाग गीतों पर नृत्य की प्रस्तुती दी। श्रीकृष्ण राधाजी के संग अति उत्साहपूर्वक नृत्य किया। मंडल समिति की समस्त मातृ शक्ति आयोजन में शामिल रही। स्वल्पाहार श्रीमती रीटा दयाल की ओर से कराया गया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती निर्मला रोकड़े ने आभार व्यक्त किया।

### जिलेभर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**खरगोन, निप्र ।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली आत्मनिर्भरता भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में 21 से 28 फरवरी तक अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का सप्ताह मनाया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत जिला संयोजक डॉ. सोनिका चौहान ने बताया कि जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीजी कॉलेज, क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन से भाषा को जानने का अवसर मिलता है। हमारी भाषा हमारी बोलियां यह न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि हमारी संस्कृति परंपरा तथा अस्मिता का एक अमूल्य अंग है, जो हमारी पहचान बताता है। मातृभाषा वास्तव में वह भाषा है, जब व्यक्ति शिशु अवस्था में मां से बोलना सीखता है और वह जिस भाषा में सीखता है वही उसकी मातृभाषा होती है। मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। मध्य क्षेत्र सह संयोजक रामसागर मिश्र भी शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।




### युवा कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद, सीएम और कैबिनेट मंत्रियों को काले झंडे दिखाने का किया था ऐलान



**खरगोन, निप्र ।** पड़ोसी जिले बड़वानी नागलवाड़ी में सोमवार को कृषि कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शामिल होने के लिए कई कैबिनेट मंत्री खरगोन जिले के बरुड़ फाटे स्थित हवाई पट्टी पहुंचे। इन मंत्रियों को युवा कांग्रेस नेताओं ने काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। मंत्रियों के आगमन से पहले ही सुबह 7 बजे युवा कांग्रेस पदाधिकारियों का उनके घर से उठाकर थाने में नजरबंद कर दिया। थाना प्रभारी बीएल मंडलोई से मिली जानकारी अनुसार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजत डंडीर, शाहरुख मिर्जा और सुल्तान भुट्टो को नजरबंद कर रखा है। यह सभी कार्यकर्ता बरुड़ फाटे पर मंत्रियों के आगमन के दौरान काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन करने वाले थे, लेकिन पुलिस ने पूर्व कार्रवाई करते हुए उन्हें थाने लाकर बैठा लिया। शाम 4 बजे सभी नेताओं को रिहा कर दिया गया। युवा कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के बाद राजनीति भी गर्मा गई है। रजत ने पुलिस कार्रवाई पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि इस कार्रवाई से साफ जाहिर होता है कि सरकार सच्चाई और युवाओं की आवाज से डर चुकी है। यह लड़ाई बेरोजगार युवाओं, किसानों और आम जनता के हक की लड़ाई है। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस जनविरोधी और तानाशाही सरकार को सत्ता से बाहर नहीं कर दिया जाता। शाहरुख एवं सुल्तान ने बताया मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार के खिलाफ काले झंडे दिखाने का फैसला भाजपा नेताओं की विवादित टिप्पणियों के विरोध में लिया गया था। युवा नेताओं ने चेतावनी दी कि भले ही हमें कितना भी रोकने की कोशिश की जाए, लेकिन हमारा विरोध जारी रहेगा।

# चना भाव टूटने से बिफरे किसान, हाइवे पर किया चक्काजाम

## हंगामें के चलते दो बार रुकी नीलामी, 4 घंटे चला प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** शहर के आनंद नगर कपास मंडी में चना उपज के कम भाव मिलने पर गुस्साए किसानों ने सोमवार दोपहर जमकर हंगामा किया। हंगामा के चलते व्यापारियों ने दो नीलामी बंद कर दी। इससे किसान और गुस्सा गए। आक्रोषित किसान दोपहर 1 बजे किसान नारेबाजी करते हुए 1 किमी दूर बावड़ी बस स्टैंड पहुंचे। यहां शाम शाम 5 बजे तक चक्काजाम प्रदर्शन किया। आक्रोषित कृषक धर्मेंद्र प्रजापत, कुकडोल, राजेश सोलंकी बडग़ांव, प्रकाश यादव रेहगांव, हुकुम चौहान ने बताया कि पिछले हफ्ते शनिवार तक जो चना 8500 से 9000 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, वह आज अचान 7 हजार से 7400 रुपए तक बोली लगाई गई, जबकि रतलाम, धामनोद मंडी में 8500 से 9 हजार रुपए क्विंटल खरीदी की जा रही है। किसानो ने आरोप लगाया कि 3 से 8 मार्च तक अवकाश के चलते व्यापारियों ने एकमत होकर भाव गिरा दिए। किसानों की मजबूरी का फायदा उठाना चाहते है।



### एसडीएम वीरेंद्र कटोरे, थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने समझाईश का प्रयास किया

किसान उचित दाम मिलने तक चक्काजाम खोलने को राजी नही हुए। मंडी शर्मिला निनामा ने बताया मंडी में 650 वाहनों से चना उपज आवक हुई है। करीब 50 वाहन निलामी के बाद हंगामा होने से खरीदी नही हो सकी। शेष बचे वाहनों की अवकाश के दिन मंगलवार को खरीदी कराई जाएगी।

## होली से पहले सोमवार को बाजार में रही रौनक




**सनावद, निप्र ।** (छोटेलाल धीमान बौध्दिक भारत सनावद) :-होली के त्यौहार ,आते ही आज सोमवार को बाजारों में अच्छी रौनक रही ।बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिज़ाइन के मुखौटों की विशेष मांग है। दुकान संचालक गोपाल नीमा ने बताया की मुख्य बाजारों से रंग-बिरंगी पिचकारी, गुलाल, अबीर, मुखौटे और होली से जुड़े सजावटी सामानों की दुकानो में अच्छी चहल पहल है। खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है, जिससे बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है। बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारी इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी और रंगीन मुखौटे खरीदे जा रहे हैं। बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिज़ाइन के मुखौटों की विशेष मांग है। इसके साथ ही, हर्बल गुलाल और विभिन्न रंगों के पैक्ड अबीर की खरीदारी भी अधिक हो रही है। इस बार बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

## भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण के दुर्लभ संयोग में किया होलिका दहन



**खरगोन, निप्र ।** होलिका दहन तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति के बीच सोमवार शहर के अधिकांश इलाकों में होलिका दहन की परंपरा निभाई गई। पंडित अरविंद डोंगरे के अनुसार 2 मार्च को होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग रहा। यह संयोग पूजन और दहन शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ माना जाता है। 3 मार्च को धुलंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। 3 मार्च को दोपहर 3 .20 बजे चंद्र ग्रहण शुरू होगा और शाम 6 .48 बजे समाप्त होगा। ग्रहण से 9 घंटे पहले सुबह 6 .20 सूतक काल शुरु हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। इस अवधि में मंदिर के पट बंद रहेंगे। जिले में फाल्गुन पुर्णिमा पर गली- मोहल्ले, कॉलोनियों में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानते हुए होलिका दहन हुआ। शहर में राधाकुंज, ज्योति नगर सहित करीब 50 से अधिक स्थानों पर छोटी-बड़ी होली जलाई गई। रात 8 बजे से होलिका दहन शुरु हुआ जो अलग- अलग स्थानों पर देररात तक जारी रहा।

## 80 मीटर की माला में पिरोए गोबर के 2800 होल्या

**मंडलेश्वर, निप्र ।** भारत त्यौहारों का देश हैं सनातन संस्कृति मे हर त्यौहार का अपना महत्व हैं होली का त्यौहार हम सदियों से मानते आ रहे हैं चाहे महाभारत कॉल हो या आधुनिक कॉल रंगो का त्यौहार हमेशा खुशी और उल्हास के साथ मनाया जाता है। रंगो का त्यौहार होली मनाने से पहले होली का डंडा गाड़ा जाता हैं उस दिन से ही गोबर के होल्या बनाने शुरू किए जाते है। गाँवों में इसका अलग ही उत्साह होता है। प्राचीन गांव सोमाखेड़ी मे इस बार लड़कियों ने नवाचार करते हुए गोबर के होयड़े (होल्या ) बड़ी मात्रा मे बनाकर उसकी 80 मीटर की माला बनाकर होलिका मे अर्पित की है। ग्रामीण बालाओं कुमारी ओजस्वी, नीति, कृतिका, तिशा, तनीषा, ललिता, रानू, भाविका कों गांव की महिलाओं श्रीमति जसोदा पाटीदार, अंजली पाटीदार, पूजा पाटीदार, साक्षी पाटीदार, मनीषा पाटीदार, सुनीता पाटीदार, रंजना पाटीदार, उर्मिला पाटीदार, हेमलता पाटीदार, संगीता पाटीदार, रीना पाटीदार और भावना पाटीदार द्वारा छोटी लड़कियो का मार्गदर्शन कर उन्हें होल्या बनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य मे बड़ी संख्या मे लड़कियों ने गोबर से विभिन्न आकृतियाँ बनाकर उन्हें एक माला मे पिरोया इस तरह एक 80 मीटर लम्बी 2800 होल्या की माला तैयार की गई जो होलिका पर अर्पित की गई। बालिकाओं मे बताया की हमारी काकी भाभी और बड़ी बहनो ने हमें होल्या बनाने के लिए प्रेरित किया यह गोबर से बने हैं जिससे प्रदूषण नहीं फैलाता है। हमें हमारी संस्कृति पर गर्व हैं। गांव की सबसे पुरानी होली प्राचीन गढ़ी मे जलाई जाती है।



## पुनर्वास मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण, लायंस क्लब सनावद स्नेह ने दी सौगात





**सनावद, निप्र ।** लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा ग्राम मोरघड़ी और पुनर्वास क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर- इच्छापुर हाईवे पर यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना की गई। यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण सोमवार को लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल, रीजन चेयर पर्सन ला.राजीव मालवीय, एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर ला. अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने किया। इस अवसर पर खंडेलवाल ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन द्वारा की जा रही सेवा गतिविधियों की सराहना की और कहा कि लायंस क्लब मानवता की सेवा में अग्रणी संस्था है। लायंस क्लब द्वारा प्रदेश भर में लायंस क्लबों के माध्यम से आवश्यकता नुसार यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। ला.अनिता जैन ने कहा कि क्षेत्रवासी पिछले कई वर्षों से यात्री प्रतीक्षालय की प्रतीक्षा कर रहे थे ।पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज बन जाने के बाद इंदौर इच्छापुर हाईवे सीधे ओंकारेश्वर रोड से जुड़ जाएगा। ऐसी स्थिति में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा नवस्थापित यात्री प्रतीक्षालय विद्यार्थियों, महिलाओंऔर बुजुर्ग यात्रियों के बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। ला. भागचंद जैन ने कहा कि लायंस क्लब के आदर्शों के अनुरूप जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए क्लब संकल्पबद्ध है। इस दौरान ला.जाकिर हुसैन अमी, ला.शिवानी मौर्य, ला.रजनीश जैन, ला.हेमंत दातार, ला.अनिता चौधरी, ला.राजेश जटाले, राजेंद्र जैन महावीर, सपन जैन, भारती परिहार, शकुंतला जमरे, अर्चना सोलंकी, पिंकी भोरियाले, मीरा गोखले, पिंकी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## मंच के द्वारा पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन

**सनावद, निप्र ।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा हर बार समाज की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है। सन्मति जैन काका एवं आशीष जैन लोनारा ने बताया की इसी के अंतर्गत पोरवाड़ आइडियल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें घर बैठे भजन का वीडियो बनाकर भेजना है। अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच के मुख्य सांस्कृतिक सचिव आतिश जैन इंदौर, आयुषी जैन बड़वाह ने बताया कि भजन प्रतियोगिता तीन अलग-अलग आयु वर्ग में आयोजित की गई है जिसमें 5 मार्च तक 3 मिनट का वीडियो साफ और स्पष्ट रोशनी में बनाकर भेजना होगा बिना वाद्य यंत्र के पारंपरिक वेशभूषा में बनाकर भेजना होगा मंच द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा अंतरराष्ट्रीय पोरवाड़ मंच के सभी पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

## सनावद के बैडमिंटन स्टार संजय पाटीदार ने एक बार फिर चमक बिखेरी



**सनावद, निप्र ।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के सनावद शहर के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी संजय कुमार पाटीदार ने महाराष्ट्र के चालीसगांव में आयोजित प्रतिष्ठित दोहरी बैडमिंटन प्रतियोगिता (35+ वर्ग) में विजेता का खिताब जीतकर अपनी लगातार सफलता की हैट्रिक जारी रखी है। यह उनका इस टूर्नामेंट में पांचवीं बार चैंपियन बनना है। प्रतियोगिता में संजय पाटीदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग राउंड में चालीसगांव, साकरी, नंदुरबार, मालेगांव, दोण्डाइचा, बुरहानपुर, सहादा और चापड़ा जैसी मजबूत टीमों को मात दी। निर्णायक फाइनल मुकाबले में धुले की जोड़ी को सीधे सेटों में 21-13 और 21-16 से हराकर उन्होंने खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ संजय पाटीदार ने न केवल व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि सनावद बैडमिंटन क्लब की टीम भावना और निरंतर अभ्यास को भी सलाम किया। जीत के बाद उन्होंने क्लब के सभी साथी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और कहा, 'यह सफलता अकेले मेरी नहीं, बल्कि पूरे सनावद बैडमिंटन क्लब की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।' इस अवसर पर सनावद बैडमिंटन क्लब के प्रमुख सदस्यों - सी.जी. प्रकोल, आशीष मित्तल, रामगोविंद बेन, एस.सी. चौहान, गणेश पटेल, एस. डावर सहित पत्रकार विनोद गौड़ और स्थानीय व्यापारी मुस्तन अली बोहरा ने संजय पाटीदार को बधाई दी और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह उपलब्धि उम्र को कोई बाधा न मानते हुए खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की मिसाल पेश करती है।

**एक नजर में** — 8100 गोबर के उपलों (ग्रामीण भाषा में 'बैड्या') की माला बनाकर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड स्थापित किया

# रंगों के पर्व होली पर ग्राम सुरपाला में एक अनूठी पहल देखने को मिली



**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र ।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर ग्राम सुरपाला में एक अनूठी पहल देखने को मिली। यहां सिरवी समाज की बालिकाओं ने 8100 गोबर के उपलों (ग्रामीण भाषा में 'बैड्या') की माला बनाकर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड स्थापित किया। यह माला होलिका माता को अर्पित की गई, जो गांव में सदियों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार, इस विशेष कार्य की तैयारी कई दिनों पहले से ही शुरू कर दी गई थी। बालिकाओं ने 8100 उपले बनाने का लक्ष्य तय किया और अथक परिश्रम से उसे पूरा किया। इस पुनीत कार्य में खुशी चोयल, स्वर्णा परिहार, रानी चोयल, श्वेता, राशिका, शिल्पा, चंचल सहित अन्य बालिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। होलिका दहन के पूर्व दिन अ.भा.सिरवी महासभा बालिका एवं महिला संगठन, बुजुर्ग, युवा और बच्चे एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से उपलों की विशाल माला बनाकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ होलिका माता को अर्पित की। पूरे आयोजन में पारंपरिक आस्था और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर विशाल चोयल राजनीतिक सचिव खरगोन (सिरवी महासभा युवा संगठन) ने बताया कि गोबर के उपले प्रकृति के लिए पवित्र और शुद्ध माने जाते हैं। गोबर में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिससे वातावरण में मौजूद हानिकारक जीवाणु नष्ट होकर वायु शुद्ध होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह नकारात्मक ऊर्जा के नाश और सकारात्मकता के आगमन का प्रतीक है। समाज के भादर बरफा ग्राम अध्यक्ष सिरवी समाज, रामेश्वर हम्मड़ जिला उपाध्यक्ष (सिरवी महासभा संगठन)सोहन परिहार, राजेंद्र सोलंकी, महेंद्र परिहार, एवं दीपक अकलेचा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने बालिकाओं के इस उत्कृष्ट कार्यकी प्रशंसा करते हुए इसे संस्कृति संरक्षण की प्रेरणादायक पहल बताया। यह आयोजन न केवल परंपरा के प्रति सम्मान दर्शाता है, बल्कि नई पीढ़ी में सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का संदेश भी देता है।